**विधान परिषद के द्‌वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये अतारांकित <u>प्रश्न संख्या-28 का उत्तर।</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 28(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-इटावा की तहसील-चकरनगर के मौजा नवादा बहादुर में चकबन्दी की प्रक्रिया संचालित है ? | जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी, इटावा की आख्या दिनांक 14.08.2022 द्‌वारा अवगत कराया गया है कि जनपद इटावा की तहसील चकरनगर में मौजा नवादा बहादुर के नाम का कोई ग्राम नहीं है, उसके स्थान पर मौजा का शुद्‌ध नाम नवादा खुर्द कलाँ है, जिसमें चकबन्दी प्रक्रिया प्रचलित है। |
| (ख) यदि हाँ, तो नवादा के मजरा नगला फतेह में मुख्य सड़क से गॉव तक रास्ता निकाला गया है? | वर्तमान में मौजा नवादा खुर्द कलाँ में चक निर्माण की कार्यवाही जन विरोध के कारण प्रारम्भ नहीं हो सकी है। मौजा में चक निर्माण कार्य के समय नगला फतेह को मुख्य सड़क से गांव तक रास्ते से जोड़ दिया जायेगा। |
| (ग) यदि नहीं, तो रास्ता निकाले जाने की कार्यवाही करायेंगे ? | प्रश्न ही नहीं उठता है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न ही नहीं उठता है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।